भारत स्काउट्स एवं गाइड्स

बेहतर भारत के निर्माण की ओर

राष्ट्रीय मुख्यालय

पताः लक्ष्मी मजूमदार भवन, 16, महात्मा गाँधी मार्ग, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली–110002

वेबसाइटः www.bsgindia.org इमेल आईडीः info@bsgindia.org दूरभाषः+91-11-23370126, 23378667

प्रति,
समस्त राज्य सचिव
भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ
भारतीय संघ

Azadi Ka Amrit Mahotsav

परिपत्र संख्या : 17/2024
दिनॉक : 05 फरवरी, 2024

सामान्य अनुस्मारक

विषयः द्वितीय भारत–बांग्लादेश मित्रता शिविर
सन्दर्भः– राष्ट्रीय मुख्यालय परिपत्र सख्या 11/2024 दिनांक 20/01/2024

महोदय/महोदया,

हमें आपको सूचित करते हुए अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स स्नो व्यू कैंपिंग साइट राष्ट्रीय साहसिक संस्थान, कर्सियांग, दार्जिलिंग, पश्चिम बंगाल में द्वितीय भारत–बांग्लादेश मित्रता शिविर की मेजबानी करने जा रहा है। यह कार्यक्रम भारत स्काउट्स एवं गाइड्स और बांग्लादेश स्काउट्स द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में स्काउट्स एवं गाइड्स एकता, सौहार्द का जश्न मनाने और सांस्कृतिक एकता का आदान–प्रदान करने एवं साहसिक कार्यक्रम देखने के लिए एकत्रित होंगे। इस कार्यक्रम का विवरण निम्नानुसार दिया गया हैः–

कार्यक्रम का नाम		द्वितीय भारत–बांग्लादेश मित्रता शिविर
तिथि		26 फरवरी से 02 मार्च 2024
स्थान		राष्ट्रीय साहसिक संस्थान कर्सियांग दार्जिलिंग, पश्चिम बंगाल
कौन भाग ले सकता है		12 से 16 वर्ष स्काउट/गाइड, 15 से 25 वर्ष रोवर/रेंजर एवं वयस्क लीडर्स 26 वर्ष से अधिक अनुपात 8:1
शिविर शुल्क		शिविर स्थल पर पंजीकरण के दौरान 2750/– प्रत्येक व्यक्ति को जमा करना होगा। शुल्क में एक दिन के लिए आवास, आतिथ्य, कार्यक्रम स्मारिका और दार्जिलिंग पर्यटन शामिल हैं।
कैसे पहुँचे		❖ निकटतम रेलवे स्टेशन– न्यू जलपाईगुड़ी (NJP)/सिलीगुड़ी जंक्शन एनजेपी (NJP)/सिलीगुड़ी से कर्सियांग तक टाटा सूमो जीप प्रत्येक व्यक्ति 250/200 रुपये की दर से उपलब्ध है। ❖ सिलीगुड़ी जंक्शन से कर्सियांग पहुंचने के लिए बसें भी उपलब्ध हैं। ❖ कर्सियांग स्टेशन पहुंचने के पश्चात शिविर स्थल तक पहुंचने के लिए स्थानीय परिवहन बसें उपलब्ध हैं। ❖ कर्सियांग स्टेशन से शिविर स्थल तक पैदल दूरी 15 से 20 मिनट है। सहायता के लिए निम्नलिखित नम्बर पर सम्पर्क करें: 1. श्री जोगेन्द्र प्रसाद राज्य आयुक्त (सी) मोबाइल नंबर +91 9832071919 2. श्री विवेक कुमार दास – जूनियर प्रशिक्षक, एनएआई कर्सियांग, मोबाइल नंबर +91 9931437452
आवेदन अंतिम तिथि		चूंकि कोटा सीमित है, प्राथमिकता **"पहले आएं पहले पाएं"** के आधार पर होगी, राज्य संघ द्वारा विधिवत अनुशंसित आवेदन **15/02/2024** को या उससे पूर्व राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली में पहुंच जाने चाहिए।

सभी राज्य संघों से अपील है कि वह भारत एवं बांग्लादेश स्काउट्स के बीच इस मित्रता शिविर में भाग लेने वाले इच्छुक वयस्क लीडर्स के साथ–साथ इच्छुक स्काउट्स/गाइड्स/रोवर्स एवं रेंजर्स के आवेदनों के नामों की सूची को info@bsgindia.org पर राष्ट्रीय मुख्यालय को अग्रेषित करें। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स पश्चिम बंगाल राज्य को ईमेल bsgwbshq@gmail.com पर कॉपी करें ताकि **15/02/2024** तक राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली तक पहुंच सकें।

सादर धन्यवाद,

भवदीय,

(अमर बी. क्षेत्री)
संयुक्त निदेशक स्काउट्स
(कार्यक्रम एवं प्रशिक्षण)

प्रतिलिपिः

1. भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय के सभी पदाधिकारीगण।
2. अध्यक्ष/सचिव, रेलवे स्काउट और गाइड बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली।
3. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18 इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली –110016।
4. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, इंस्टीट्यूशनल एरिया, बी–15, सेक्टर–62, नोएडा, उत्तर प्रदेश–201309।
5. निदेशक, डी.ए.वी.
6. सभी जिला सचिव, जिला संस्था दम्मम, रियाद, मस्कट एवं जमीयत यूथ क्लब।